हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 31 जनवरी 2026

11 धान घोटाले की सीबीआई जांच को किसानों ने किया प्रदर्शन



12 मंदिर निर्माण के लिए दो लाख एक हजार का दान



## खबर संक्षेप

### अग्रवाल वैश्य समाज की बैठक सात को

**बहादुरगढ़।** अग्रवाल वैश्य समाज की प्रदेश स्तरीय आम सभा की बैठक आगामी 7 मार्च को वृंदावन के दिल्ली श्रीधाम रुक्मणी विहार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश सचिव प्रेम बंसल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन समाज की एकता, वैचारिक चिंतन और भविष्य की दिशा तय करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ भविष्य की कार्ययोजनाओं पर गहन चर्चा की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए 9वां द्विवार्षिक चुनाव भी संपन्न करवाया जाएगा।

### स्वामी शक्तिवेश का बलिदान दिवस कल

**झज्जर।** सिलानी गेट के टिल्ला मोहल्ला स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में रविवार को अनेक गुरुकुलों व वैदिक संस्थाओं का कुशल संचालन करने वाले स्वामी शक्तिवेश महाराज के 37वें बलिदान दिवस पर गायत्री महायज्ञ व श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति सदस्य पंडित जयभगवान आर्य ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता आत्मशुद्धि आश्रम के अधिष्ठाता आचार्य विक्रम देव द्वारा की जाएगी जबकि मुख्यातिथि के रूप में आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के वेद प्रचार अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती उपस्थित रहेंगे। महर्षि दयानंद शिक्षण केंद्र से योगाचार्य मुकेश आर्य यज्ञ के ब्रह्मा होंगे।

### तनाव प्रबंधन पर आज एक्सटेंशन लेक्चर

**बहादुरगढ़।** सुनहरा कल फाउंडेशन टीम के तत्वावधान में रेलवे रोड स्थित द्रोणाचार्य कोचिंग सेंटर में मानसिक स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। संयोजक सत्येंद्र दहिया ने बताया कि सेंटर के निदेशक जगबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत सुनहरा कल फाउंडेशन की संस्थापक सचिव काउंसलर डॉ. सुनीता छिल्लर विद्यार्थियों को जागरूक करेंगी।

## परिवेदना समिति की बैठक में मंत्री राणा ने 12 में से 10 समस्याओं का किया समाधान

# 1100 टीडीएस वाले पानी की सप्लाई से फैली बीमारियां, कमेटी गठन के निर्देश

- दूषित पानी सप्लाई मामले में एसडीएम के नेतृत्व में निगरानी कमेटी का गठन
- सेहंलगा में आवंटित प्लॉटों पर कब्जे 10 दिन में हटवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

स्थानीय संवाद भवन में शुक्रवार को जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने जन समस्याएं सुनीं। बैठक में कुल 12 शिकायतें रखी गईं, जिनमें से 10 समस्याओं का मौके पर समाधान कर दिया गया।

बैठक में गांव दुजाना निवासी नरेश कुमार ने बताया कि गांव में पिछले छह महीने से विभाग द्वारा नहर की बजाय बोरिंग का पानी सप्लाई किया जा रहा है, जिसका टीडीएस 1100 से अधिक है, जो खतरनाक स्तर पर है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस प्रदूषित पानी के कारण लोगों के बाल झड़ने और त्वचा संबंधी रोग हो रहे है। इस संबंध में एसडीएम के नेतृत्व में निगरानी कमेटी का गठन किया गया है। एक्सईन ने जल्द समस्या के समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा गांव सेहंलगा निवासी भीम सिंह डागर ने अवैध कब्जों की शिकायत दी। उन्होंने बताया कि 2009 में आवंटित 105 प्लॉटों में से कईयों पर दबंगों द्वारा कब्जा किया हुआ है। जिस पर कैबिनेट मंत्री ने तहसीलदार को दस दिन के भीतर कब्जे हटवाने के निर्देश दिए। वहीं शेरिया गांव के ग्रामीण राजेश, कर्मवीर व रामवीर की शिकायत पर जल निकासी के लिए 26 लाख रुपये के नाले को मंजूरी दी गई, जिसमें 15 लाख जिला परिषद और शेष राशि पंचायत फंड से खर्च होगी।



झज्जर। बैठक में समस्याएं सुनते कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा।

### यूजीसी पर कोर्ट के फैसले की सब कर रहे तारीफ

बाद में मीडिया से रूबरू होते हुए यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि उसमें आपस में मतभेद तो था और सुप्रीम कोर्ट सारी चीजों की निगरानी करता है। सुप्रीम कोर्ट ने जो काम किया उसकी सब तारीफ कर रहे हैं। इसके अलावा बहादुरगढ़ भूमि विवाद और फाइनेंस पर ली गई गाड़ी के संबंध में नियमानुसार दिशा निर्देश दिए गए।

### शहीद मोहित के घर जाकर कृषि मंत्री राणा ने दी श्रद्धांजलि



झज्जर। शुक्रवार को हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गांव गिजाड़ौद पहुंचे और शहीद मोहित को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की, उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि शहीद राष्ट्र की अनमोल धरोहर होते हैं, जिनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि शहादत और बलिदान से बड़ा कोई सम्मान नहीं होता। यह वीर भूमि की वही परंपरा है, जिसे शहीद मोहित ने निभाया है। उनकी शहादत पर पूरे प्रदेश को हमेशा गर्व रहेगा। उन्होंने शहीद मोहित की धर्मपत्नी अंजलि, पिता सतपाल सिंह चौहान, माता रेखा देवी और छोटे भाई जितेंद्र को सांत्वना दी।

## एमआईई क्षेत्र में बड़ी वारदात से दहशत

# श्रमिक का कार सवार तीन बदमाशों ने किया अपहरण

- चलती कार में श्रमिक के साथ आरोपियों ने की मारपीट
- बदमाशों ने श्रमिक से मोबाइल व छह हजार रुपये की नकदी लूटी, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में आपराधिक वारदात थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बहादुरगढ़ के एमआईई क्षेत्र का है, जहां फैक्ट्री से घर लौट रहे एक श्रमिक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट व लूटपाट की गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश उसे सुनसान जगह पर फेंककर फरार हो गए।

पीड़ित की पहचान यूपी के हरदोई जिला निवासी सुनील के रूप में हुई है। वह फिलहाल दिल्ली के टिकरी कलां स्थित लेखराम पार्क में किराए पर रहता है और एमआईई पार्ट-बी की एक कंपनी में मजदूरी करता है। जानकारी के अनुसार, वीरवार रात करीब आठ बजे फैक्ट्री से छुट्टी के बाद सुनील पैदल घर जा रहा था। जब वह एमआईई क्षेत्र में एक शराब ठेके के पास पहुंचा तो पीछे से एक कार आई। कार में तीन युवक सवार थे। इनमें से दो बदमाश नीचे उतरे और सुनील को जबरन पकड़कर गाड़ी में डाल लिया।

आरोप है कि चलती गाड़ी में सुनील के साथ जमकर मारपीट की गई और उससे मोबाइल फोन व छह हजार रुपये नकद लूट लिए गए। इसके बाद आरोपी उसे उतारकर बाईपास की ओर फरार हो गए। मारपीट में घायल सुनील को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर पुलिस हरकत में आई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान दर्ज किए। पीड़ित की शिकायत के आधार पर सिटी थाने में अपहरण, मारपीट, लूटपाट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उधर, पुलिस का कहना है कि वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी चेक किए जा रहे हैं ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। इससे पहले भी इस क्षेत्र में कई वारदात हो चुकी है।

# सस्पेंड पटवारियों को बहाल करने की मांग को लेकर दिया सांकेतिक धरना



झज्जर। पटवार भवन में धरने पर पटवारियों ने मांगों को लेकर की नारेबाजी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन सदस्यों द्वारा शुक्रवार को जिला प्रधान राजबीर गुलिया की अध्यक्षता में सांकेतिक धरना दिया गया। पटवार भवन में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान जिला प्रधान राजबीर गुलिया ने बताया कि करीब दो माह पहले सीएम द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल के कारण छह पटवारियों को सस्पेंड किया गया था। उन्हें बहाल करने की मांग को लेकर उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भी भेजा था। इसके बावजूद सरकार द्वारा उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई जिसके चलते अब वे धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। यह धरना सोमवार से बुधवार तक सुबह नौ बजे से सांय पांच बजे तक जारी रहेगा।

## लाइनपार क्षेत्र के वार्ड-5 की गली नंबर 3 में जलभराव से परेशान थे नागरिक

# ड्रेनेज ओवरफ्लो होने पर एसडीएम ने किया निरीक्षण, मौके पर करवाया समाधान

- एसडीएम अभिनव सिवाच ने ड्रेन के नियमित निरीक्षण और रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

लाइनपार क्षेत्र के वार्ड-5 की गली नंबर-3 में ड्रेनेज प्रणाली में बाधा के कारण उत्पन्न ओवरफ्लो की समस्या पर संज्ञान लेते हुए उपमंडल अधिकारी अभिनव सिवाच ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश दिए, जिसके बाद समस्या का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कराया गया।

एसडीएम अभिनव सिवाच ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई थी कि ड्रेनेज सिस्टम अवरुद्ध होने के कारण रोड पर पानी भर गया है। इससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग द्वारा ड्रेनेज लाइन की सफाई एवं अवरोध हटाने का कार्य तत्काल कराया गया, जिससे पानी की निकासी सुचारू रूप से बहाल हो गई। एसडीएम ने अधिकारियों को भविष्य में इस प्रकार की समस्या पुनः उत्पन्न न हो, इसके लिए नियमित निरीक्षण और रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। ड्रेनेज समस्या का त्वरित समाधान होने की वजह से स्थानीय निवासियों ने एसडीएम अभिनव सिवाच की कार्यशैली की प्रशंसा की।



बहादुरगढ़। समस्या का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे एसडीएम।

# एचडी का चैतन्य जाखड़ कंप्यूटर ओलंपियाड में बना विजेता, 100 प्रतिशत अंक आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास की आठवीं कक्षा के छात्र चैतन्य जाखड़ ने सिल्वर जोन अंतरराष्ट्रीय कंप्यूटर ओलंपियाड में प्रथम रैंक लेकर संस्थान व प्रदेश का नाम रोशन किया है। ओलंपियाड प्रमुख आशीष यादव ने बताया कि उनके संस्थान के आठवीं कक्षा के छात्र चैतन्य जाखड़ ने जोनल, राज्य और नेशनल तीनों स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम चमकाया है। उन्होंने बताया कि इस छात्र ने ओलंपियाड में 100 में से 100 अंक लेकर एक इतिहास रचा है। इसके अलावा इसी कक्षा से छात्रा वंशिका, नौवीं कक्षा से नेहा, ग्यारहवीं कक्षा से कार्तिक, गौरव, साहिल, दृष्टि, बारहवीं कक्षा के दीपक और अंकुश ने स्टेट रैंक द्वितीय तथा निशांक, हर्ष व आयुष ने स्टेट रैंक तृतीय प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि ओलंपियाड में शामिल सभी 33 विद्यार्थियों ने क्वालीफाई किया। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने सभी क्वालीफाई विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी तैयारी कराने वाले कंप्यूटर प्राध्यापक सुरेंद्र सुहाग के प्रयासों की सराहना भी की।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित ओलंपियाड के क्वालीफाइड विद्यार्थी।

### तेज रफ्तार कार ने बच्चे को मारी टक्कर

**बहादुरगढ़।** गांव सराय औरंगाबाद में सात वर्षीय बालक तेज रफ्तार गाड़ी की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल बालक शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी निवासी रामरत्न का कहना है कि वह यहां सराय औरंगाबाद में रहता है। कुछ दिन पहले उसका सात वर्षीय बेटा बलबीर गांव में माता मंदिर के पास खड़ा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार इको गाड़ी ने उसको टक्कर मार दी। हादसे में बेटे को काफी चोट आई। पीजीआई रोहतक से छुट्टी मिली तो उसे घर ले आए लेकिन अगले ही दिन फिर से तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उसे गंभीर चोट आई है। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# करंट की चपेट में आने से खेत में किसान की मौत

- गांव बिरोहड़ में खेत में पानी लगाने गया था 39 वर्षीय किसान सुरेंद्र, पोल से लगा करंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव बिरोहड़ में खेत में कार्य कर रहे एक किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 39 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र कर्ण सिंह के तौर पर हुई है। अस्पताल परिसर में उपस्थित मृतक के परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र वीरवार की शाम खेत में पानी देने गया था। जब वह बहुत देर तक नहीं लौटा तो उन्होंने उसे फोन पर संपर्क किया। जब बार-बार कॉल करने के बाद भी फोन अटैंड नहीं किया गया तो वे खेत में पहुंचे जहां सुरेंद्र बेसुध अवस्था में खेतों से गुजर रहे बिजली पोल के नजदीक पड़ा था। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल में बने शवगृह भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी प्रदीप ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई राकेश के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## एचएसवीपी कार्यालय के बाहर नारेबाजी

# नौकरी की सुरक्षा के लिए कच्चे कर्मियों ने दिया धरना





बहादुरगढ़। मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबद्ध हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के बैनर तले बहादुरगढ़-झज्जर क्षेत्र के कच्चे कर्मचारियों ने जॉब सुरक्षा तथा कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर रिकॉर्ड अपलोड कराने की मांग को लेकर सेक्टर-9 स्थित एचएसवीपी कार्यालय में धरना दिया। धरने की अध्यक्षता यूनियन के जिला प्रधान व राज्य उपप्रधान रमन जून ने की, जबकि संचालन जिला एवं राज्य प्रेस सचिव रमेश कुमार बिधलान ने किया।

प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर व राज्य सलाहकार धीर सिंह नागर ने कहा कि बहादुरगढ़ डिविजन में ठेकेदारी प्रथा के तहत पांच वर्ष से अधिक समय से कार्यरत कर्मचारियों की जॉब सिक्योरिटी सुनिश्चित करने के लिए उनके नाम व बायोडाटा कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर अपलोड किया जाना आवश्यक है। निर्णय लिया गया कि 31 मार्च 2022 से पूर्व ठेकेदारी प्रथा पर कार्यरत कर्मियों का रिकॉर्ड ईपीएफ/ईएसआई कटौती की तिथि से सत्यापित कर एचएसवीपी में तलब किया जाए। साथ ही पात्र कर्मचारियों के लिए वित्त विभाग, हरियाणा सरकार से पोस्ट स्वीकृति लेने तथा 20 फरवरी 2026 तक समस्त सत्यापित डाटा पोर्टल पर अपलोड करने की मांग रखी गई। मांगें पूरी न होने पर 21 फरवरी से जलापूर्ति व सीवर सेवाएं ठप कर हड़ताल की चेतावनी दी गई।

### आश्वासन मिला

कर्मचारियों के अनुसार, कार्यकारी अभियंता अमित राठी ने वार्ता में आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर ईपीएफ/ईएसआई कटौती की तिथि से रिकॉर्ड सत्यापित कर जमा कराया जाएगा। योग्य कर्मचारियों की पोस्ट स्वीकृति के लिए मुख्य प्रशासक एचएसवीपी पंचकूला एवं वित्त विभाग को पत्र भेजे जाएंगे तथा 19 कर्मचारियों का दो माह का रोका गया वेतन शीघ्र जारी कराया जाएगा। इस पर एक सप्ताह के लिए धरना स्थगित कर दिया गया। मदन मोहन नागर, अजीत सिंह, धीर सिंह नागर, रमेश बिधलान, रमन जून, जयप्रकाश, सतीश शर्मा, हवा सिंह, जतिन कुमार, राजेश कुमार, विकास कुमार, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

### श्मशान भूमि पर निर्माण कार्य में घपले का आरोप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव सांखोल की श्मशान भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य में घटिया और मानक से कम सामग्री के प्रयोग का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में उपमंडल अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया गया है। शिकायत में भगवान सिंह ने कहा है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। इस संबंध में पहले भी शिकायतें दी जा चुकी हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस वजह से अब एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। प्रशासन से मांग है कि मौके पर निरीक्षण कर जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## प्रेरणा | कोबी द्वारा दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सहयोग से बड़ी पहल

# श्रमिकों के बच्चों में शिक्षा की जगा रहे अलख

- 60 बच्चों को पांचवीं तक की निशुल्क शिक्षा करवाई जा रही मुहैया, विस्तार के लिए सरकार से बड़ी जगह की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज द्वारा दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सहयोग से गणपति धाम स्थित एकेएम टावर में मंथन सम्पूर्ण विकास केंद्र का संचालन किया जा रहा है। केंद्र पिछले डेढ़ साल से आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिकों के बच्चों को कक्षा पांचवीं तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहा है।



बहादुरगढ़। मंथन केंद्र में पढ़ने वाले विद्यार्थी।

प्रधान प्रवीण गर्ग ने बताया कि इस शिक्षा केंद्र का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक संस्कार, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास एवं जीवनोपयोगी कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

यह पहल विशेष रूप से उन बच्चों के लिए संचालित की जा रही है जो गरीबी, संसाधनों की कमी और बाल श्रम जैसी समस्याओं के कारण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। फिलहाल केंद्र में लगभग 60 बच्चे अध्ययनरत हैं। स्थान की कमी के कारण सीमित बच्चों को लाभ मिल पा रहा है। इसे देखते हुए सरकार से स्थायी स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि भविष्य में 400 से 500 बच्चों के लिए केंद्र का विस्तार किया जा सके। इससे पहले भी यह मांग प्रशासन को की जा चुकी है।




# 'फौजी' की रिलीज डेट खिसकी आगे

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' को लेकर दर्शकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। पहले इसे अगस्त 2026 में रिलीज किए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज रणनीति में बदलाव करने का मन बना लिया है। इस नए अपडेट ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'फौजी' को पहले स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के आसपास सिनेमाघरों में लाने की योजना थी। हालांकि, अब निर्माताओं का फोकस एक और बड़े त्योहार पर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेकर्स अब इसे दशहरा के मौके पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि फिल्म को त्योहार का पूरा फायदा मिल सके। 'फौजी' की रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी एक रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त स्लॉट को छोड़कर अब दशहरा को टारगेट किया जा रहा है।

लाइफ Style

# भूमि शेयर किया भावुक नोट



एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुक्रवार से अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। इस सीरीज की रिलीज के पहले दिन भूमि ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए और साथ ही एक भावुक नोट भी शेयर किया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'पिछले साल सब्र और शुक्र ने मुझे खुद से मिलने को कहा। शक के साथ, खामोशी के साथ और उन सवालों के साथ, जिनके जवाब मेरे पास अभी तक नहीं थे। इसने मुझे डर को भूलने और धीरे-धीरे, नरमी से, खुद से फिर प्यार करना सिखाया।'

भूमि ने आगे लिखा, 'सेट पर लंबे-लंबे दिनों में, सेट के बाहर के नाजुक लम्हों में, ब्रह्मांड से की गई दुआओं में और काम पर अटूट भरोसे के बीच, मैं आगे बढ़ती रही। इसलिए नहीं कि मैं बेखौफ थी, बल्कि इसलिए कि मेरा भरोसा अभी भी बाकी था। 'दलदल' उसी जगह से पैदा हुआ। कमजोरी से। भरोसे से। अनिश्चित रास्ते पर भी आगे बढ़ने का चुनाव करने से। आज, मैं यह रचना आभार, विनम्रता और खुले दिल से आपके सामने पेश कर रही हूं।' सख्त मिजाज और बेखौफ रीटा (भूमि पेडनेकर) को शहर में हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के एक खौफनाक केस को सुलझाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिसमें वह खुद भी बुरी तरह उलझती चली जाती है। दरअसल, अपने बचपन के गहरे ट्रॉमा का बोझ उठाए रीटा अंदर से टूटी हुई है और खुद को संभालने के लिए नशे की लत से भी जूझ रही है।

## हॉलीवुड मसाला



# मार्गोट ने पहना 'ताजमहल डायमंड' नेकलेस

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। इसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी।




# अभिनेत्रियों को समझा जाता कठपुतली: क्रिस्टन

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकती है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों ने फैलाई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं।




# द केरल स्टोरी 2 का टीजर आउट

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का दमदार टीजर रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है, जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है।



# ओटीटी पर धुरंधर के 9 मिनट के सींस गायब

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दी गई है। हालांकि फैंस इससे खासा नाराज हैं, क्योंकि फिल्म को कुछ कट्स और सेंसर वर्जन के साथ रिलीज किया गया है। धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म जैसे ओटीटी पर रिलीज की गई है उसके कुछ सींस में कट्स लगाए गए हैं। धुरंधर में जितने भी गाली गलौज वाले डायलॉग्स थे उन्हें मेकर्स ने म्यूट कर दिया है। फिल्म से 9 मिनट के सींस को गायब कर दिया गया है। इसके अलावा जिन लोगों ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर इस फिल्म को देखा है उनका कहना है कि मेकर्स से उन्हें अनसेंसर्ड फिल्म रिलीज करने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने इसे कट्स के साथ रिलीज किया है।

# 'शतक' का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म 'शतक' का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न




समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत 'भगवा है अपनी पहचान' लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया



**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-'डोंट बी शाय' है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- 'क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।' दरअसल, 'यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।' आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, 'वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने', फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, 'अब तक की सबसे प्यारी घोषणा', एक फैन ने लिखा, 'आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है', दूसरे फैन ने लिखा, 'यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।' बता दें कि आलिया भट्ट 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मीं और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।'

श्रिया ने कहा 'मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।' बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म 'इष्टम' से डेब्यू किया। वह 'छत्रपति', 'शिवाजी', 'पोक्किरी राजा' और 'मनम' जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में 'दृश्यम 3' में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।

## टीवी मसाला

# जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनों को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं।



जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, "फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया पर जैसे ही ये खबर वायरल हुई थी कि जेनिफर और करण शादी करने वाले है उससे उनके फैंस काफी खुश हो गए थे।

## खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो 'मर्दानी 3'

# रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है।

इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।




### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*'मर्दानी' की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद 'अम्मा' के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है?

### फर्स्ट हाफ बेहद दमदार

फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का सेकंड हाफ इस लड़ाई को किस अंजाम तक ले जाता है और क्या अम्मा के साम्राज्य का अंत शिवानी कर पाएगी।

किसान नेता गुरूनाम सिंह चढूनी के नेतृत्व में किसानों ने की नारेबाजी

# धान घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग
- 23 मार्च को शहीदी दिवस के अवसर पर किसान एक बड़ी रैली करेंगे : चढूनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

धान घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को लघुसचिवालय परिसर में किसान नेता गुरूनाम सिंह चढूनी के नेतृत्व में किसानों द्वारा रोष प्रदर्शन किया गया। किसान स्थानीय अनाज मंडी से प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय तक पहुंचे।



झज्जर। धान घोटाले की सीबीआई जांच को लेकर लघुसचिवालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

## सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

प्रदर्शन के दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार पर किसानों के हितों की अनदेखी करने और धान खरीद में बड़े स्तर पर घोटाले का आरोप लगाया। किसानों ने कहा कि धान घोटाले से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और इसकी निष्पक्ष जांच केवल सीबीआई से ही संभव है। किसानों ने डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



झज्जर। डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए गुरूनाम सिंह चढूनी एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

## 23 मार्च को किसान बड़ी रैली करेंगे

ज्ञापन में धान घोटाले की सीबीआई जांच कराने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग की गई है। इस मौके पर किसान नेता गुरूनाम सिंह चढूनी ने कहा कि यदि सरकार ने किसानों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को शहीदी दिवस के अवसर पर किसानों द्वारा एक बड़ी रैली की जाएगी।



झज्जर। विद्यार्थियों द्वारा तैयार मॉडल के बारे में जानकारी लेते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

# प्रांजल व अंकिता के मॉडल को जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चुना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन टीचर एजुकेशन में विज्ञान प्रदर्शनी

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन टीचर एजुकेशन में शुक्रवार को कॉलेज स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्राणीशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी एवं भूगोल विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने विभिन्न वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय विषयों पर आधारित नवाचारी विज्ञान मॉडलों का प्रदर्या। प्रदर्शनी का मूल्यांकन प्राचार्या डॉक्टर संतोष द्वारा किया गया। प्रदर्शन के आधार पर प्रांजल व अंकिता द्वारा बनाया गया लो-कॉस्ट डायलिसिस पर आधारित मॉडल, याशिका व अनुशा के औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन, रेणु व गीतांजलि के डिजिटली सहायक पौध रोग पहचान तथा रिया व रुचिका द्वारा तैयार लाइट प्रोजेक्टर मॉडल को जिला-स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चुना गया।

# स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान शुरू, लोगों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार से स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। सीएमओ डॉ. मंजू कादियान ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, समय पर रोग की पहचान सुनिश्चित करना तथा समाज से कलंक की भावना को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है तथा यह न तो छूने से और न ही साथ बैठकर भोजन करने से फैलती है। शरीर पर हल्के लाल या सफेद धब्बे, हाथ-पैरों में सुन्नपन, नसों का मोटा होना, कानों या शरीर पर गांठें तथा त्वचा में संवेदना कम होना कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। इसका पूर्ण इलाज संभव है और इसकी दवाइयां सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों सहित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में कुष्ठ रोग जागरूकता की शपथ दिलाई गई।




झज्जर। यूपीएचसी सीताराम गेट में कुष्ठ रोग जागरूकता संबंधी शपथ लेते युवा।

# रिटायर्ड सैनिकों को बताया राजयोग का महत्व

- ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में ब्रह्मा कुमारीज संस्थान ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज संस्थान द्वारा शुक्रवार को ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में राजयोग से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी डॉक्टर भावना बहन ने कहा कि राजयोग का मुख्य उद्देश्य समाज में सद्भावना उत्पन्न करना है। यह हमें बाहरी दुनिया से जुड़ने की बजाय अपने भीतर झांकने और आत्म विश्लेषण करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इससे मन शांत रहता है और एकाग्रता बढ़ती है। यह शरीर के रक्तचाप को नियंत्रित करने, हृदय के स्वास्थ्य में सुधार करने और रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। इस मौके पर सूबेदार मेजर मंगल राम, सूबेदार मेजर राकेश, सूबेदार जय भगवान, डॉक्टर अनु, नेहा, कमलेश, ज्योति सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। रिटायर्ड सैनिकों को राजयोग के लाभों से अवगत कराते हुए ब्रह्माकुमारी डॉक्टर भावना बहन। फोटो : हरिभूमि

# लोगों को किया कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक

## भाषण व नुक्कड़ नाटक की दी प्रस्तुति




झज्जर। कुष्ठ रोग पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नर्सिंग छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- नृत्य के माध्यम से लोगों को हाथ धोने के महत्व से अवगत करवाया

संस्कारम कॉलेज ऑफ नर्सिंग खातीवास के तत्वावधान में विश्व कुष्ठ रोग दिवस के उपलक्ष्य में पीएचसी जहाजगढ़ में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देश के अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण करके की गई। कार्यक्रम में पीएचसी जहाजगढ़ के प्रभारी डॉ. भूपेश ने मुख्यातिथि तथा सरपंच प्रतिनिधि उदय सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान नर्सिंग छात्राओं द्वारा कुष्ठ रोग जागरूकता से संबंधित भाषण व नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। उन्होंने नृत्य के माध्यम से लोगों को हाथ धोने के महत्व से अवगत कराया। डॉ. भूपेश ने बताया कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य है। समय पर पहचान व नियमित इलाज से रोगी सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने लोगों को कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी देते हुए लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने की सलाह दी।

# खेल स्टेडियमों में किया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि सूर्य नमस्कार अभियान के तहत खेल विभाग में कार्यरत प्रशिक्षकों व कनिष्ट प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण केंद्रों पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जा रहा है। प्रतिदिन महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम, डॉक्टर भीम राव अंबेडकर स्टेडियम बहादुरगढ़, राजीव गांधी खेल परिसर तलाव, डीघल, शेरिया, सिलानी, साल्हावास, दुल्हेडा, अकेहड़ी मदनपुर सहित अन्य प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षकों की देखरेख में सूर्य नमस्कार करवाया जा रहा है।



झज्जर। स्टेडियम में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

# भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय सुनारों वाली धर्मशाला में हरिपुरी महाराज के सानिध्य में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास उपेंद्र कृष्ण ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण का मथुरा गमन, कंस वध व रुक्मणि विवाह आदि का श्रवण कराया। कंस वध के वर्णन के दौरान जहां श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे वहीं रूकमणि व भगवान श्रीकृष्ण के विवाह के वर्णन के दौरान गाए गए मंगलकारी गीतों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। कथा व्यास उपेंद्र कृष्ण ने कहा कि भगवान अपने भक्तों की पुकार पर उनका कल्याण करने के लिए किसी ना किसी वेश में जरूर पहुंचते हैं। इसलिए व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में भी हताश नहीं होना चाहिए।



झज्जर। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# सर्वभद्र ग्रुप ने दो दर्जन भट्ठों पर बांटे गर्म कपड़े



झज्जर। ईंट भट्ठे पर किए गए कपड़ा वितरण के दौरान गर्म कपड़े छांटते हुए जरूरतमंद श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

- ग्रुप सदस्यों ने जिन कपड़ों का वितरण किया वे शहरवासियों द्वारा दान स्वरूप उपलब्ध कराए गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सर्वभद्र ग्रुप द्वारा चलाया जा रहा सर्दी राहत अभियान संपन्न हो गया। ग्रुप अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि अभियान के अंतर्गत उन्होंने क्षेत्र के करीब दो दर्जन ईंट भट्ठों पर पहुंच कर वहां कार्यरत जरूरतमंद श्रमिकों में गर्म कपड़ों का वितरण किया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए यह सहायता खुले वातावरण में काम करने वाले श्रमिक परिवारों के लिए राहतकारी साबित हुई। शुक्रवार को अभियान में रवाना हुई छठी गाड़ी द्वारा गांव जहांगीरपुर, भदानी व छुड़ानी क्षेत्र के ईंट भट्ठा श्रमिकों में गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रुप सदस्यों द्वारा जिन कपड़ों का वितरण किया वे शहरवासियों द्वारा दान स्वरूप उपलब्ध कराए गए थे। अभियान में उनके साथ ग्रुप सदस्य दिनेश दुजाना, लक्ष्मण शास्त्री, शिव शंकर, साहिल, संजीव, जतिन सहित अन्य भी शामिल रहे।

यूजीसी विनियम बिल पर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल, यह बिल छात्रों को कोई वास्तविक लाभ नहीं देता

# भ्रामक नियमावली नहीं, विश्वविद्यालयों में हों ढांचागत सुधार: विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

यूजीसी विनियम बिल विश्वविद्यालयी शिक्षा के शैक्षणिक एवं शोध वातावरण में नकारात्मकता घोलने का प्रयास मात्र है। यह शिक्षा के इतिहास में लॉर्ड मैकाले के काले कानून से भी अधिक घातक सिद्ध हो सकता है। इस बिल के लागू होने से विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षण संस्थान ज्ञान के केंद्र न रहकर झूठी शिकायतों के पोर्टल बनकर रह जाएंगे, जिससे वर्गीय भेदभाव की खाई और गहरी होगी। यूजीसी बिल के घातक परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रम कादियान ने कहा कि 1882 में हंटर आयोग के माध्यम से भारतीय समाज पर जो भेदभावपूर्ण व्यवस्था थोपी गई थी, उसी प्रकार इस बिल में भी भेदभाव को अस्पष्ट और भ्रमित करने वाले ढंग से परिभाषित किया गया है। इससे सामान्य वर्ग के छात्रों और शिक्षकों में कानूनी असुरक्षा की भावना पैदा होगी, जबकि झूठी शिकायतें करने वालों के विरुद्ध किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान इसमें नहीं है। यह



विक्रम कादियान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता

- यह बिल समान शिक्षा के राष्ट्रीय लक्ष्य में गंभीर बाधा उत्पन्न करता है

बिल आरक्षित वर्ग के छात्रों को भी कोई वास्तविक लाभ नहीं देता, बल्कि समान शिक्षा के राष्ट्रीय लक्ष्य में गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों पर इक्विटी कमेटी एवं इक्विटी स्क्वाड के नाम पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाला जाएगा, जबकि देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था पहले से ही गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में विश्वविद्यालयों, एम्स, आईआईएम और केंद्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई, लेकिन आज ये संस्थान वित्तीय संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में स्थायी फैकल्टी का अभाव है, जिससे शोध कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। एचपीएससी प्रोफेसरों की चयन संस्था न रहकर एक प्रकार की रिजेक्शन संस्था बन गई है, जहां जेआरएफ और गोल्ड मेडलिस्ट जैसी प्रतिभाओं को भी अयोग्य ठहराकर हतोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने झज्जर, दुजाना, मातनहेल जैसे कॉलेजों के असुरक्षित भवनों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि दूबलधन कॉलेज को अब तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है।

### बेरी में नहीं बन सका महिला कॉलेज : कादियान

*विक्रम कादियान ने कहा कि 20 नवंबर 2016 को हरियाणा की काशी कहे जाने वाले बेरी में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा महिला कॉलेज की घोषणा की गई थी, लेकिन आज तक यह शैक्षणिक संस्थान अस्तित्व में नहीं आ सका, जबकि बेरी महाभारत काल से ही अध्यात्म और उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि भाजपा सरकार को यूजीसी जैसे काले और विभाजनकारी कानून को तत्काल वापस लेना चाहिए तथा बजट में शिक्षा की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से अधिक करनी चाहिए, ताकि विश्वविद्यालय और महाविद्यालय उत्कृष्टता, नवाचार और शोध के वास्तविक केंद्र बन सकें। भ्रामक नियमावली नहीं, विश्वविद्यालयों में ढांचागत सुधार हों। उन्होंने माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा इस जाति-विभेदकारी कानून पर रोक लगाए जाने के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए इसे शिक्षा और सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।*

# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लिए फ्लैट बुकिंग प्रारंभ

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के लिए फ्लैट बुकिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। योजना के तहत जिले में लगभग 231 पात्र लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित फ्लैटों के आवंटन की नीति गत 23 अक्तूबर के अंतर्गत मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत फ्लैट बुकिंग की प्रक्रिया गत 29 जनवरी से शुरू हो चुकी है। गुप्ता ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र आवेदकों की सूची एवं उपलब्ध फ्लैटों का विवरण हाउसिंग फॉर ऑल विभाग की वेबसाइट **https://hfa.haryana.gov.in** पर उपलब्ध है।

## भाजपा जिला कार्यालय में कहा-कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़

# कृषि मंत्री ने सुनीं भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याएं

कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया



झज्जर। कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा शुक्रवार को सायं रेवाड़ी मार्ग स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। उनके साथ भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा भी उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री ने भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि से संगठन की स्थिति और जनसंपर्क अभियानों को लेकर फीडबैक लेते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं, उनके सुझाव व समस्याएं संगठन को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि आमजन को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।

**ये रहे मौजूद**

*मौके पर भाजपा जिला प्रभारी कैप्टन भूपेंद्र, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, संजय कबलाना, दिनेश शेखावत, मनीष बंसल, दयाकिशन जांगड़ा, रवि बराही, देवेंद्र कादियान, रविंद्र गहलावत, राजेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला, अमित जून सहित अन्य भी उपस्थित रहे।*



झज्जर। जिलास्तरीय सेमिनार में किसानों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

## किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करें विशेषज्ञ : कृषि मंत्री

झज्जर। किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ बागवानी, पशुपालन, मधुमक्खी पालन और मत्स्य पालन जैसी सहयोगी गतिविधियों को अपनाकर अपनी आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करनी चाहिए। यह बात हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को गांव डावला में बागवानी विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत आयोजित जिला स्तरीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि किसानों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए बागवानी से जुड़ी अनेक योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ उठाकर किसान कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। उन्होंने किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रसायन मुक्त खेती से न केवल उत्पादन लागत कम होती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी लंबे समय तक बनी रहती है। उन्होंने कृषि विशेषज्ञों से किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

## रैली निकालकर स्वदेशी अपनाओ का संदेश दिया

■ वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर एनएसएस व वाईआरसी स्वयंसेविकाओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके उपरांत स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वदेशी अपनाओ व वोकल फॉर लोकल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के उपयोग, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नागरिकों की भूमिका को प्रभावी रूप से रेखांकित किया गया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी हमारे लिए पथ-प्रदर्शक हैं। स्वदेशी व वोकल फॉर लोकल को अपनाकर हम न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी अपनी सार्थक भूमिका निभा सकते हैं।




बहादुरगढ़। जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखातीं प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा।

# विधायक ने मंदिर निर्माण के लिए दो लाख एक हजार रुपये का दान दिया

■ गांव कसार में निर्माणाधीन श्याम बाबा मंदिर में हरियाणवी सांग उत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। विधायक का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

विधायक राजेश जून ने गांव कसार में निर्माणाधीन श्याम बाबा मंदिर में आयोजित हरियाणवी सांग उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर मंदिर निर्माण के लिए अपनी नेक कमाई से दो लाख एक हजार रुपये का दान दिया।

विधायक राजेश जून ने श्याम बाबा से क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का निर्माण और विकास समाज में संस्कार, एकता व सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करता है। सूर्य कवि पंडित लख्मी चंद के पौत्र लोक कलाकार पंडित विष्णु शर्मा ने अपनी सशक्त प्रस्तुति से हरियाणवी सांग की परंपरा को जीवंत कर दिया।

सांग सुनकर विधायक राजेश जून भावविभोर हो गए और अपने संबोधन में सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद को हरियाणवी लोक संस्कृति का मजबूत स्तंभ बताया।



बहादुरगढ़। ज्ञापन सौंपते मुकेश सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## यूजीसी के समर्थन में लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी ने ज्ञापन सौंपा

**बहादुरगढ़।** उच्च शिक्षा में समानता और भेदभावमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए यूजीसी के समानता विनियम 2026 के समर्थन में लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट मुकेश सैनी के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में वंचित वर्गों के साथ बढ़ते भेदभाव पर चिंता जताई गई। पार्टी ने प्रस्तावित समिति में एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, महिला, दिव्यांग व समाजसेवी वर्गों को बहुमत में प्रतिनिधित्व देने की मांग की और विनियम को ऐतिहासिक कदम बताया। ज्ञापन सौंपने वालों में मंगत सैनी जिला प्रभारी, राजकुमार सैनी जिला अध्यक्ष, रणबीर, राजेंद्र, प्रीतम खत्री प्रदेश महामंत्री, सतभगवान सहित अन्य शामिल रहे।

# किड्स कार्निवल में नन्हे-मुन्नों ने बांधा समां

■ डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते नन्हे मुन्ने बच्चे। फोटो : हरिभूमि

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को किड्स कार्निवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रिंसिपल ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर गायत्री मंत्र के उच्चारण से की। पूजा और शिवांगी ने समन्वयक शिक्षिका अंजू नंदा के नेतृत्व में मंच संचालन किया।

धारणा और प्रेम ने मधुर गीतों द्वारा समां बांध दिया। इसमें शहर के 30 प्री-प्राइमरी स्कूलों के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्निवल में बच्चों के लिए एकल नृत्य, समूह नृत्य, काव्य पाठ, कला एवं शिल्प कार्यशालाएं, श्लोक व मंत्र उच्चारण और फैशन शो आदि अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रमुख रही। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की मासूम मुस्कान और उल्लास ने पूरे विद्यालय परिसर को आनंद से भर दिया। अभिभावकों और शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ मिलकर इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया। प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना और सीखने की जिज्ञासा विकसित होती है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय को प्रतीक चिह्न प्रदान किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण दिए गए।



बहादुरगढ़। बादली स्थित सरकारी कॉलेज में योगाभ्यास करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# छात्रों को योग करने के स्वास्थ्य लाभ समझाए

■ बादली के सरकारी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का दूसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बादली स्थित सरकारी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत योग अभ्यास से की गई। योग सत्र का संचालन कौशल कुमार द्वारा किया गया। योग के माध्यम से स्वयंसेवकों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया। इसके पश्चात कॉलेज परिसर में घड़ा निर्माण व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने अपनी रचनात्मकता, कला कौशल एवं सामाजिक विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। दूसरे दिन स्वयंसेवकों द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बादली का भ्रमण किया गया, जहां विभिन्न जागरूकता व सहभागितात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त कॉलेज परिसर में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे स्वयंसेवकों में टीम भावना, अनुशासन व शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिला।

# आयुष कार्यशाला में स्वयंसेविकाओं की स्वास्थ्य जांच की

■ वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के विशेष शिविर का तीसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा लगाए गए विशेष शिविर के तीसरे दिन आयुष कार्यशाला का आयोजन किया गया। नागरिक अस्पताल की आयुष विभाग की टीम ने स्वयंसेविकाओं व ग्राम परनाला के लोगों की जांच की।

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि शिविर के अंतर्गत एसएमओ डॉ. सुमन देसवाल, डॉ. सुधीर कुमार की टीम ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आयुष पद्धति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। ग्रामीणों व स्वयंसेविकाओं ने कार्यशाला का लाभ उठाते हुए स्वास्थ्य संबंधी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।



बहादुरगढ़। शिविर के दौरान योगाभ्यास करतीं स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

योग सहायक पूनम व सुनील देवी ने आयरन डिफिशिएंसी से संबंधित लक्षणों, कारणों व घरेलू उपायों पर प्रकाश डाला। सायंकालीन सत्र में कन्या कुरुकुल की संस्कृत अध्यापिका डॉ. अन्नु आर्या ने नारी सशक्तिकरण व भारतीय संस्कृति पर अपने विचार रखे। प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. नेहा नैन ने कहा कि स्वास्थ्य जहां सुखी जीवन की कुंजी है, वहीं सांस्कृतिक मूल्य हमारी चारित्रिक पहचान है। आयोजन में डॉ. नैना फोगाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# युवाओं को दिया शांति और सकारात्मक सोच का संदेश

■ राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विशेष वीडियो और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन

**बहादुरगढ़।** राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में यूथ पीस फाउंडेशन द्वारा राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक विशेष वीडियो व प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में मानवता, शांति और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं के लिए एक एनिमेटेड प्रेरक कहानी प्रस्तुत की गई, जिसमें जीवन में सकारात्मक बदलाव और सामाजिक जिम्मेदारियों पर जोर दिया गया।

अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वक्ता व शांति दूत प्रेम रावत द्वारा मानवता और शांति का संदेश विषय पर वीडियो दिखाई गई। महिला आईटीआई की प्रधानाचार्य मायामंती, शिक्षकों और स्टाफ ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। आयोजन में यूथ पीस फाउंडेशन की महासचिव शीतल गुप्ता तथा स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक सुकन्या की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



बहादुरगढ़। मॉडलों का अवलोकन करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# कृषि में मदद करने वाले मॉडल किए पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

बादली स्थित चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने आकर्षक व ज्ञानवर्धक मॉडल तैयार किए। विज्ञान प्रदर्शनी का विषय मुख्य रूप से पर्यावरण केंद्रित था।

जीव विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने गंदे पानी से एक्वापोनिक विधि द्वारा मत्स्य पालन एवं कृषि करने से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किया। इस विधि द्वारा की गई कृषि में गंदे पानी में पहले मछली पाली जाती हैं। इस जल में उपस्थित पोषक तत्व फसल द्वारा अवशोषित कर लिए जाते हैं तथा स्वच्छ जल पुनः पानी के तालाब में चला जाता है, जहां मछलियां पाली जाती हैं। मछलियों के अपशिष्ट की खाद से युक्त जल फिर से पौधों को दिया जाता है। वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों ने काई से ऊर्जा बनाने तथा इसके मानव उपयोग हेतु संभावनाओं से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किया। रसायन विभाग द्वारा दुर्घटना मुक्त नगरों के मॉडल का प्रदर्शन किया। भूगोल विभाग द्वारा बाढ़ तथा भूकंप जैसी आपदाओं के प्रबंधन को मॉडल द्वारा समझाया। प्रिंसिपल आनंद कुमार के साथ डॉ. पूनम, डॉ. रमेश, डॉ. रविंद्र, डॉ. नवीन, डॉ. यशपाल व डॉ. बेबी आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। पूर्व विधायक के साथ नवनियुक्त पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पूर्व विधायक ने किया सम्मान

**बहादुरगढ़।** कांग्रेस पार्टी की जिला कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का बहादुरगढ़ में पूर्व विधायक राजेंद्र जून के कार्यालय पर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक राजेंद्र जून ने सभी पदाधिकारियों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने पूर्व एमएलए राजेंद्र जून का आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जैलदार, महासचिव गजानंद गर्ग व संजीव मलिक, सचिव रविंद्र जाखड़, शीला देवी और रामधन कुलासी को पूर्व विधायक राजेंद्र जून ने माला पहनाकर सम्मानित किया तथा संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर वेद प्रकाश, पंडित राज पहलवान, दर्शन सैनी प्रधान, पार्षद रजनीश कुमार उपाध्यक्ष एससी सेल, रामबीर प्रधान, नारायण बराही, राजेश कलसन आदि मौजूद रहे।

## सुरेश बिश्नोई और तनु देवी एक फरवरी से देंगे चुनौती

# शूटिंग बॉल टीम के कप्तान व सदस्य का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भारतीय शूटिंग बॉल टीम के कप्तान सुरेश बिश्नोई और महिला टीम की सदस्य तनु देवी का एचएल सिटी की चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में स्वागत किया गया।

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन और भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री तथा संग्राम मेडल विजेता वार वैटर्न महेंद्र पहलवान ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

दरअसल, दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक फरवरी से तीन फरवरी तक दूसरा शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप होने जा रहा है। शूटिंग बॉल फेडरेशन के कोषाध्यक्ष जेपी काद्यान ने बताया कि भारतीय टीम वर्ल्ड कप ट्रॉफी की प्रबल दावेदार है।




बहादुरगढ़। भारतीय शूटिंग बॉल टीम के कप्तान व सदस्य के साथ अनिल खत्री।

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन की तरफ से भी शूटिंग बॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। एचओए के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने भी खिलाड़ियों को जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। सुरेंद्र ठेकेदार, संजय यादव, मनोज हुड्डा, एडवोकेट राजकुमार देशवाल, रिटायर्ड डीपी सतबीर देशवाल, प्रदीप हुड्डा, नरेंद्र शर्मा, राजू सुहाग, मनीषा देशवाल और अनिता देशवाल भी इस अवसर पर मौजूद रहे।



झज्जर। तिरंगे के साथ शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच उपस्थित कप्तान सुरेश कुमार व तनु देवी। फोटो : हरिभूमि

## कप्तान सुरेश कुमार बिश्नोई व तनु देवी का किया सम्मान

**झज्जर।** भारतीय शूटिंग बॉल टीम के कप्तान सुरेश कुमार बिश्नोई और महिला टीम की सदस्य तनु देवी के सम्मान में स्थानीय हारट्रोन सेंटर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एशियन शूटिंग बॉल फेडरेशन को कोषाध्यक्ष जेपी कादियान ने बताया कि इन होनहार खिलाड़ियों को हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट अनिल खत्री, महेंद्र सिंह खत्री, सुरेंद्र ठेकेदार, संजय यादव, मनोज हुड्डा, एडवोकेट राजकुमार देशवाल, सतबीर देशवाल, प्रदीप हुड्डा, नरेंद्र शर्मा, राजू सुहाग, मनीषा देशवाल, अनीता देशवाल आदि द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने होनहार खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जेपी कादियान ने बताया कि दोनों खिलाड़ी एक फरवरी से तीन फरवरी तक दिल्ली के जवारलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले द्वितीय शूटिंग बॉ वर्ल्ड कप में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ल्ड कप में बारह देशों की टीमें भाग लेंगी।